# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 24 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा राजस्थान में कांग्रेस के संगठन चुनाव हेतु नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम ने भरतपुर के यूआईटी ऑडिटोरियम में भरतपुर संभाग के कांग्रेस विधायक, विधायक प्रत्याशीगण, निकायों एवं पंचायत राज जनप्रतिनिधिगण, निवर्तमान जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारीगण, डिजीटल सदस्यता अभियान हेतु नियुक्त चीफ एवं बूथ एनरोलर सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर भरतपुर संभाग में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तथा कांग्रेस पार्टी के लिए अपने कार्यकर्ता सर्वाधिक मूल्यवान पूंजी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान सभी नीतिगत निर्णय कार्यकर्ताओं एवं आमजनता के फीडबैक के आधार पर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी का सदस्तया अभियान चल रहा है जिसके पश्चात् सदस्यता के आधार पर संगठन के चुनाव सम्पन्न होने है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक से लेकर जिलाध्यक्ष तक चुनाव के माध्यम से चुने जाएंगे, इसलिए इस सदस्यता अभियान का महत्व सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार तीन साल से जनता की सेवा में अनवरत कार्य कर रही है तथा एक से बढ़कर एक फ्लैगशिप योजनाएं लोक कल्याण हेतु जारी की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर निरोगी राजस्थान का सपना साकार करने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि किसानों की मजबूती के लिए अलग से कृषि बजट प्रस्तुत किया गया है, जनता का राहत प्रदान करने हेतु 50 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने तथा उससे अधिक उपभोग पर सब्सिडी देने का निर्णय लिया गया है तथा अनेक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लागू की गई है। इसके साथ ही एक लाख से अधिक नौकरियाँ युवाओं को दी जा चुकी है, 1.25 लाख नौकरियाँ प्रक्रियाधीन है तथा बजट में 1 लाख नई नौकरियाँ देने की घोषणा कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा प्रस्तुत बजट के माध्यम से किसान, युवा, महिलाओं सहित सभी वर्गों को लोगों के हित साधने का कार्य राजस्थान सरकार ने किया है। उन्होंने कहा

2.....

Created by Universal Document Converter

कि भारतीय जनता पार्टी दुष्प्रचार कर रही है कि किसानों की कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं किया जबकि राजस्थान के किसानों द्वारा सहकारी बैंकों से लिए सम्पूर्ण ऋण को माफ किया जा चुका है तथा कॉमर्शियल बैंकों से किसानों द्वारा लिए गए ऋण की माफी हेतु केन्द्र सरकार को वन टाईम सेटलमेंट करवाने की माँग की गई है जिसके तहत् किसानों की तरफ निकलने वाली समस्त बकाया राशि राज्य सरकार द्वारा देय होगी। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने शासन के दौरान 50 हजार रुपये तक का कर्ज माफ करने की घोषणा कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये गये आंदोलन के पश्चात् की थी, किंतु ना तो कोई बजट प्रावधान किया और ना ही किसानों के कर्ज माफ कर राहत प्रदान की। जबकि कांग्रेस पार्टी के शासन में आने पर भाजपा द्वारा घोषित कर्जमाफी के लिए भी बजट प्रावधान कांग्रेस सरकार ने कर किसानों को राहत प्रदान की।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच में किसान, महिला, राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दें नहीं होते है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच येन-केन-प्रकारेण सत्ता प्राप्त करने की रही है जिसके लिए सामाजिक वैमनस्य बढ़ाकर भाई को भाई से लड़ाने का कार्य भाजपा करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कांग्रेस से 70 साल के शासन का हिसाब माँगते थे किंतु अपने 8 साल के शासन का हिसाब आज तक नहीं दे रहे है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने देश में खाद्य सुरक्षा अधिनियम, मनरेगा, राईट टू एजूकेशन जैसी योजनाएं कानून बनाकर लागू की जिसके तहत् गरीबों को भोजन, रोजगार एवं शिक्षा का अधिकार प्राप्त हुआ, दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक भी लोक कल्याणकारी योजना लागू नहीं की। उन्होंने कहा कि मोदी जी द्वारा 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा किया गया था, किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया गया था। साथ ही विदेश नीति सुदृढ़ कर देश की सीमाओं को सुरक्षित करने की बात कहीं गई थी किंतु ना तो युवाओं को रोजगार मिले, ना किसानों की आय दुगुनी हुई, बल्कि देश की सीमाओं का अतिक्रमण कर चीन ने भारतीय भूमि पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा पेश बजट से बौखलाए हुए भाजपा नेता दुष्प्रचार कर रहे हैं कि बजट घोषणाएं कैसे पूर्ण होंगी जबकि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के बावजूद पिछले बजट की 80 प्रतिशत से अधिक घोषणाएं अमल में लायी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसी प्रकार जनता की सेवा में कार्य करती रहेगी तथा गरीब का कल्याण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्य कर आगे बढ़ने वाले

3.....

Created by Universal Document Converter

नेताओं का सबसे बड़ा उदाहरण वे स्वयं हैं। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई, युवा कांग्रेस में काम करते हुए वे विधायक बने, जिसके पश्चात् जिलाध्यक्ष और अब प्रदेशाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पार्टी द्वारा उन्हें सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता संकल्प लेकर संगठन को मजबूत करने हेतु जुट जाएं जिससे प्रदेश में वर्ष 2023 के आमचुनाव में कांग्रेस सरकार पुनः चुनकर आएं तथा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सत्ता से बाहर किया जा सके।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राजस्थान के पीआरओ श्री संजय निरूपम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पहली बार डिजीटल पद्धति के द्वारा सदस्य बनाने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि बुकलेट भरने के साथ बदलते समय की माँग के अनुरूप डिजीटल सदस्यता अभियान प्रारम्भ किया गया है जिसमें मोबाईल एप्प के माध्यम से कांग्रेस के सदस्य जोड़े जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अधिकांश कार्य मोबाईल तथा डिजीटल माध्यम से ही सम्पन्न किए जाएंगे इस कारण डिजीटल सदस्यता अभियान क्रांतिकारी एवं महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् एकत्रित डाटा के माध्यम से कांग्रेस की नीतियाँ, विचार एवं नेताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी सभी सदस्यों को जनता के मध्य मोबाईल के माध्यम से शीघ्रता से पहुँचाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि डिजीटल सदस्यता अभियान के तहत् कांग्रेस का संदेश जन-जन तक मोबाईल के माध्यम से पहुँचेगा तथा भाजपा के दुष्प्रचार का जवाब देने में आसानी होगी। उन्होंने सभी उपस्थित कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सदस्यता अभियान के तहत् अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाकर लोगों को कांग्रेस से जोड़कर आगामी चुनावों में कांग्रेस की सफलता सुनिश्चित करें।

बैठक को मंत्री श्री भजनलाल जाटव, डॉ. सुभाष गर्ग, वक्फ बोर्ड चेयरमेन डॉ. खानू खाँ बुधवाली, विधायक श्री अमरसिंह जाटव, श्री जोगेन्द्र सिंह अवाना सहित भरतपुर संभाग के अनेक वरिष्ठ नेतागणों ने भी सम्बोधित किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter